# हम सब आये तेरे द्वार

हम सब आये तेरे द्वार,
के साईं बेड़ा पार कर दो,
सत्संग में तेरे जो कोई आता,
खाली झोली भर ले जाता,
साई बड़े दातार,
के साई बेड़ा पार कर दो......

तेरे दर पे आ बेठे हैं,
प्रीत तुम्ही से कर बेठे हैं,
सुन लो मेरी पुकार,
के साई बेड़ा पार कर दो,
हम सब आये तेरे द्वार,
के साईं बेड़ा पार कर दो॥

हाथ दया का सिर पर रख दो,
एक ही काम हमारा कर दो,
नैयां लगा दो पार,
के साई बेड़ा पार कर दो,
हम सब आये तेरे द्वार,
के साईं बेड़ा पार कर दो॥

शिरडी वाले साई हो दाता,
हम गरीबों के भाग्य विधाता,
भरो हमारे भण्ड़ार
के साई बेड़ा पार कर दो,
हम सब आये तेरे द्वार,
के साईं बेड़ा पार कर दो॥

साई नाम तो सबसे बड़ा है,
आके बालक द्वार खड़ा है,
गाये भजन तुम्हार,
के साई बेड़ा पार कर दो,
हम सब आये तेरे द्वार,
के साईं बेड़ा पार कर दो॥

सत्संग में तेरे जो कोई आता,
खाली झोली भर ले जाता,
साई बड़े दातार,
के साई बेड़ा पार कर दो,
हम सब आये तेरे द्वार,
के साईं बेड़ा पार कर दो.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24360/title/hum-sab-aaye-tere-dwar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |